भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2110
गुरूवार, 21 दिसंबर, 2023/30 अग्रहायण, 1945 (शक)

बेरोजगारी और सरकारी क्षेत्र में रिक्तियां

2110. श्री साकेत गोखले:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तारीख के अनुसार देश की वर्तमान बेरोजगारी दर क्या है;
(ख) भारत में अनौपचारिक/असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी दर की गणना करने के लिए सरकार द्वारा किस पद्धति का उपयोग किया जाता है; और
(ग) भारत सरकार के विभिन्न विभागों और मंत्रालयों में आज की तारीख के अनुसार ऐसी कुल कितनी रिक्तियां है जो भरी नहीं गई हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, देश में वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) 3.2% थी। यह देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाता है।

बेरोजगारी दर को श्रम बल में शामिल व्यक्तियों (जो कि कार्यरत या काम की तलाश करने वाले या कार्य हेतु उपलब्ध होने वाले) में बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में मापा जाता है।

केंद्र सरकार में पदों का सृजन और उन्हें भरना संबंधित मंत्रालय/विभाग की जिम्मेदारी है। विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है।

*****